# आदर्श वार्ड में कहीं साफ सड़कें, तो कहीं पैदल चलना भी मुश्किल

## करीब 60 कॉलोनियों वाले वार्ड में नाली, पार्क और अतिक्रमण की समस्याएं बरकरार

वार्ड 60 परिक्रमा



विजय शर्मा

**भोपाल, 13 सितंबर. नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 के अवधपुरी क्षेत्र को स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं के लिहाज से आदर्श वार्ड घोषित किया गया है, लेकिन जमीनी स्थिति इससे अलग नजर आती है. वार्ड में अवधपुरी, ऋषिपुरम फेस-1 व फेस-2, प्रगति नगर, आस्था विहार, सौम्य पार्क लैंड, रीगल टाउन, सरला एलीट, कुंदन नगर, प्रेम नगर, कंचन नगर सहित करीब 60 कॉलोनियां हैं.**

इनमें कुछ कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था बेहतर है, जबकि कई जगह स्थिति खराब है. कुंदन नगर, प्रेम नगर, सौम्य स्टेट और रीगल टाउन सहित कई कॉलोनियों में सड़कों पर गड्ढे, खुदी हुई सड़कें और जगह-जगह कचरे के ढेर लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं. घरों से कचरा उठाने की व्यवस्था जरूर है, लेकिन सड़क और सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई पर सवाल उठ रहे हैं. बारिश के दौरान जलभराव की आशंका भी बनी रहती है. वार्ड की कई कॉलोनियों में नालियों का निर्माण नहीं हुआ है. प्रेम नगर और कुंदन नगर में बारिश के दौरान सड़क और आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने की समस्या सामने आती है. कई जगह नालियों की सफाई नहीं होने से भी जल निकासी प्रभावित होने की आशंका है. पार्कों को भी विकास और रखरखाव की जरूरत है. नवभारत प्रतिनिधि ने वार्ड का दौरा कर समस्याएं जानीं और रहवासियों से चर्चा की.

### रीगल टाउन के बाहर गंदगी

रीगल टाउन को क्षेत्र की बेहतर कॉलोनियों में गिना जाता है, लेकिन इसके मुख्य गेट के बाहर गंदगी का अंबार दिखाई देता है. सड़क की जगह-जगह खुदाई और अतिक्रमण के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी के अंदर व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन मुख्य सड़क और प्रवेश मार्ग की स्थिति सुधारने की जरूरत है.

### जर्जर रास्ते से हो रही हैं दुर्घटनाएं

सरला एलीट और सरला स्टेट कॉलोनी में आने-जाने का रास्ता जर्जर है. सड़क पर अतिक्रमण के साथ जगह-जगह खराब मार्ग लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि जब क्षेत्र को आदर्श वार्ड घोषित किया गया है तो बुनियादी सुविधाओं की यह स्थिति क्यों बनी हुई है. लोगों ने स्थायी कार्रवाई की मांग की है.

### सड़क खुदाई और अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी

अवधपुरी क्षेत्र में कई स्थानों पर सड़क किनारे अतिक्रमण और सड़कों की खुदाई से आवागमन प्रभावित हो रहा है. महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्षों में शिकायतों के बाद सांकेतिक कार्रवाई तो हुई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका. बारिश के मौसम में सड़कें और रोड के दोनों ओर अतिक्रमण परेशानी को और बढ़ा देते हैं.

लोगों ने नगर निगम और प्रशासन से सड़क खुदाई व्यवस्थित कराने, अतिक्रमण हटाने, नालियों का निर्माण और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है.



### स्ट्रीट लाइट नहीं होने सड़कों पर अंधेरा



वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग परेशान हैं. इडन गार्डन और आसपास की कॉलोनियों में नर्मदा जल की लाइन बिछने के बावजूद कनेक्शन शुरू करने के लिए प्रति घर 15 हजार रुपए मांगे जाने की बात सामने आ रही है. जल जीवन की मूलभूत आवश्यकता है, फिर भी अमृत योजना का लाभ लोगों को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है. विद्यासागर कॉलेज से मल्होत्रा कॉलेज तक कुछ महीने पहले बनी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं. स्ट्रीट लाइटें भी नियमित नहीं जलतीं. सड़क संकरी होने से आवागमन में परेशानी होती है, जबकि अमरावत खुर्द में सड़क की स्थिति और खराब है.बीडीए कॉलोनी में सीवेज और पानी की गंभीर समस्या है. गर्मी में लोग चंदा करके टैंकर बुलाते हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में अपराध, जुआ और अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है और राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है. बीपीएल कार्ड बनवाने में भी पैसे मांगने की शिकायतें हैं.

**महेन्द्र विश्वकर्मा,** कांग्रेस वार्ड प्रभारी

### रहवासी बोले-निजी कर्मचारी से कराते हैं सफाई



कॉलोनी में निगम ने कभी सफाई नहीं की. कॉलोनी वाले निजी कर्मचारी से सफाई करवाते हैं. कचरा वाहन प्रतिदिन आता है. कॉलोनी के बाहर सड़कके किनारे कचरे ढेर महीनों पड़ा रहता है.
**नरेश पटेल,** सरला स्टेट अवधपुरी,



कॉलोनी में सफाई होती है. कचरा वाहन भी आता है. नाली की सफाई भी समय पर होती है.
**मोहन गौर,** सौम्या स्टेट,



यहां पर कभी सफाई नहीं होती है. सड़कें खुदी पड़ी हैं. बारिश से सड़क पर पानी भर जाता है.
**सनी पासवान,** प्रेम नगर




मुख्य गेट के बाहर गंदगी का अंबार दिखाई देता है. सड़क की जगह-जगह खुदाई और अतिक्रमण के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है.
**ऋषिकांत कटारे,** रीगल टाउन सोसाइटी



हमारे यहां पर तो सफाई भी होती है. कचरा वाहन भी समय पर आता है. सड़कें बढ़िया बनी हुई हैं. कोई परेशानी नहीं है.
**राम बाबू मिश्रा,** आस्था विहार



कॉलोनी में आने-जाने का रास्ता जर्जर है. सड़क पर अतिक्रमण के साथ जगह-जगह खराब मार्ग लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है.
**अशोक वर्मा,** सरला एलीट सोसायटी



हमारी कॉलोनी में प्रतिदिन समय पर सफाई होती है. सड़कें भी ठीक है. पानी भी समय पर आता है और स्ट्रीट लाइट भी लगी हुई हैं.
**एड. महेंद्र, वर्मा,** मेगनम केम्पस



कई स्थानों पर सड़क किनारे अतिक्रमण और सड़कों की खुदाई से आवागमन प्रभावित हो रहा है. महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.
**कमलेश सिंह राजपूत** रीगल टाउन सोसाइटी अवधपुरी



वार्ड में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं.पिछले 4 सालों में अब तक करीब 70 से 80 नई सड़कों का निर्माण कराया गया है. आजाद नगर, जय हिंद नगर, प्रगति नगर, ऋषिपुरम, सूरज कुंज, अविनाश नगर, संयुक्त विहार, कंचन नगर, दीप नगर, सौम्य स्टेट, कृष्णा नगर, साईं गार्डन सहित कई क्षेत्रों में सड़क और अन्य विकास कार्य हुए हैं. कंचन नगर से पूर्वांचल तक सड़क चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, न्यू फोर्ट शिव मंदिर से महात्मा गांधी चौराहे तक सड़क तथा पिरामिड टाउन तक सड़क निर्माण जैसे काम किए गए हैं. बीडीए कॉलोनी में भी जनसुविधाओं के कार्य जारी हैं. छठ घाट, छठ कुंड और पार्क निर्माण के साथ नाली निर्माण के कार्य प्रस्तावित हैं. वार्ड को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में राष्ट्रीय पुरस्कार और 40 लाख रुपए की राशि भी मिली है.

**-बी शक्ति राव,** भाजपा पार्षद

# फर्जी आईएएस पर तीसरी एफआईआर

## नौकरी का झांसा देकर युवती से 3 लाख रुपए ठगे



विशेष प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 सितंबर. फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर लोगों को नौकरी और सरकारी काम कराने का झांसा देने वाली तृप्ति सिंह के खिलाफ बागसेवनिया पुलिस ने धोखाधड़ी का तीसरा मामला दर्ज किया है.**

बैतूल निवासी ख्याती धौलपुरे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि तृप्ति ने मानव संसाधन विभाग में बी-क्लास की नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे 3 लाख रुपए लिए थे.

रकम लेने के बाद करीब एक साल तक नौकरी लगने की बात कहकर वह उन्हें टालती रही. जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने तृप्ति से संपर्क किया. वह कभी किसी दूसरे विभाग में नौकरी लगवाने तो कभी प्रक्रिया जल्द पूरी होने की बात कहकर उन्हें आश्वासन देती रही. इस दौरान रकम वापस करने से भी बचती रही. पुलिस के अनुसार ख्याती की तृप्ति से मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी. इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी.

### फर्जी आईएएस का खुलासा होने पर शिकायत

तृप्तिके फर्जी आईएएस अधिकारी होने का मामला सामने आने के बाद ख्याती को भी अपने साथ ठगी होने का संदेह हुआ. इसके बाद उन्होंने बागसेवनिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने जांच के बाद तृप्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. थाना प्रभारी अमित सोनी के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है. तृप्ति फिलहाल जेल में बंद है. पुलिस की जांच में सामने आया है कि तृप्ति सोशल मीडिया के जरिए लोगों से संपर्क बढ़ाती थी. इंस्टाग्राम और फेसबुक पर आकर्षक तस्वीरों के साथ सरकारी अधिकारी जैसी छवि पेश करती थी. इसके बाद नौकरी, सरकारी काम कराने और अन्य फायदे दिलाने का भरोसा देकर लोगों से रकम वसूलती थी.

# ट्रक ने डीएसपी को कुचला, मौत

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 सितंबर. सड़क हादसे का शिकार हुए डीएसपी शिवकुमार श्रीवास्तव की इलाज के दौरान मौत हो गई.**

दो दिन पहले वह सुबह स्कूटी से कहीं जा रहे थे. उस दौरान एक ट्रक ने पीछे से उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में घायल डीएसपी को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया गया. हबीबगंज थाना पुलिस ने हादसे के कारणों और आरोपी ट्रक चालक की भूमिका की जांच शुरू कर दी है. आरोपी ट्रक चालक को मौके पर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. डीएसपी शिवकुमार 11 सितंबर को सुबह 6 बजे अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे. वह अपने आवास चार इमली से निकले थे और कोलार तिराहे के पास वह पहुंचे थे. इस दौरान उनके पीछे से आ रहे एक ट्रक के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी. शिवकुमार इस समय वह सुरक्षा वाहिनी में पदस्थ थे और वह मूलतः शिवपुरी के रहने वाले थे.



# 15 से बदलेगा भोपाल मेट्रो का समय

विशेष प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 सितंबर. मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो की समय-सारणी में आंशिक बदलाव किया है. नई समय-सारणी 15 सितंबर से लागू होगी.**

सोमवार से शनिवार तक मेट्रो सेवा सुबह 11:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक संचालित होगी. सुबह 11:30 बजे से शाम 5 बजे तक मेट्रो हर 30 मिनट के अंतराल पर चलेगी. शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक व्यस्त समय में फेरे बढ़ाकर हर 15 मिनट कर दिए जाएंगे. सुभाष नगर स्टेशन से पहली मेट्रो सुबह 11:30 बजे रवाना होगी.जबकि अंतिम ट्रेन शाम 7 बजे चलेगी.

वहीं एम्स स्टेशन से पहली मेट्रो दोपहर 12 बजे और अंतिम ट्रेन शाम 7:30 बजे रवाना होगी. रविवार और अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में मेट्रो सेवा सुबह 11:30 बजे से रात 8:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी.

# 10 आईपीएस समेत 137 पुलिस अधिकारियों के तबादले

**भोपाल. मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और राज्य पुलिस सेवा के 137 अधिकारियों के तबादला किए है.**

जिला पुलिस के साथ-साथ नगरीय पुलिस और पुलिस मुख्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं. आईपीएस मनीष भारद्वाज को पुलिस मुख्यालय भोपाल में साइबर के उप पुलिस अधीक्षक पद से हटाकर नगरीय इंदौर में सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली बनाया गया है. वहीं आलोक कुमार वर्मा को देवास में सहायक पुलिस अधीक्षक से नगर पुलिस अधीक्षक रीवा की जिम्मेदारी दी गई है. वैभव प्रिया को एसडीओपी नेपानगर, बुरहानपुर और शुभम सिंह ठाकुर को एसडीओपी गाडरवारा, नरसिंहपुर पदस्थ किया गया है. राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों में भी बड़े स्तर पर बदलाव हुआ है. उमेश कुमार तिवारी को नरसिंहपुर से उप पुलिस अधीक्षक अपराध, जबलपुर भेजा गया है, जबकि त्रिलोक चंद्र पवार को सहायक पुलिस आयुक्त अपराध शाखा, नगरीय इंदौर की जिम्मेदारी मिली है. प्रेमनारायण गोयल को एसडीओपी सीहोर बनाया गया है.

# शहर में दो घंटे में 1 .5 इंच बारिश

## कलियासोत के दो और भदभदा का एक गेट खुला



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 13 सितम्बर. राजधानी में रविवार को तेज बारिश का दौर रहा. करीब दो घंटे में शहर में 1.5 इंच बारिश दर्ज की गई. लगातार बारिश से बड़ा तालाब फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट पर पहुंच गया.**

इसके बाद रात 8 बजे भदभदा डैम का एक गेट खोल दिया गया. वहीं कलियासोत डैम 505.67 मीटर के स्तर पर पहुंचने के बाद उसके दो गेट खोले गए हैं. रविवार को बैरागढ़ में 2.0 मिमी और अरेरा हिल्स में 4.5 मिमी बारिश दर्ज हुई. राजधानी में 1 जून से अब तक 1101.1 मिमी यानि 43.35 इंच बारिश हो चुकी है. यह सामान्य बारिश से 105 मिमी यानि 4.13 इंच बारिश अधिक हुई है. बारिश के चलते शहर के निचले इलाकों और जलभराव वाले क्षेत्रों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. केरवा डैम का जलस्तर 1669 फीट पहुंच गया है. बड़े तालाब, केरवा और कलियासोत में लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण प्रशासन जल निकासी और जलप्रवाह पर नजर बनाए हुए है. मौसम विभाग के मुताबिक, 14 और 15 सितंबर को भी भोपाल में बारिश का दौर जारी रह सकता है. 16 सितंबर से बारिश के कमजोर पड़ने और इसका दायरा सिमटने के संकेत हैं.

### पहली बार ड्रोन से घेरा, फिर सीढ़ी लगाकर जुए के फड़ में घुसी पुलिस

**भोपाल.** बजरिया की हाजी मुस्तफा की चाल में रविवार रात जुए के फड़ पर पुलिस ने फिल्मी अंदाज में दबिश दी. कार्रवाई की शुरुआत जमीन से नहीं, बल्कि आसमान से हुई. क्राइम ब्रांच की टीम ने पहले ड्रोन उड़ाकर पूरे इलाके की निगरानी की. मकान की छत, आसपास की गलियों और संभावित भागने के रास्तों पर नजर रखने के बाद करीब 30 पुलिसकर्मियों ने मकान को चारों तरफ से घेर लिया. पुलिस ने मुख्य दरवाजे से प्रवेश करने के बजाय सीढ़ी लगाकर बालकनी के रास्ते दूसरी मंजिल पर पहुंचने की रणनीति अपनाई. यहां टीन शेड के नीचे जुए का फड़ चल रहा थ. पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही कुछ जुआरी भागने में सफल हो गए, लेकिन मौके पर मौजूद पांच लोगों को टीम ने पकड़ लिया. 17 फरार हो गए.कार्रवाई में फड़ से 2.61 लाख रुपये नकद बरामद हुए. इसके अलावा चार लग्जरी कार, दो स्कूटी और एक बाइक जब्त की गई.

# होटल सयाजी में मिला एक्सपायरी फिश-चिकन

### 10 होटल-खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 सितंबर. खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने 12-13 सितंबर को शहर के 10 प्रमुख होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया. होटल सयाजी में एक्सपायरी डेट के बाद की फिश और चिकन मिला.**

अभियान में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भंडारण, वेज-नॉनवेज पृथक्करण, एक्सपायरी सामग्री, किचन की स्वच्छता, लाइसेंस, मेडिकल फिटनेस, पेस्ट कंट्रोल, एफआईएफओ और लेबलिंग की जांच की गई. जांच के दौरान आवश्यक खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए. सड़ी और कीटग्रस्त सामग्री मौके पर नियमानुसार नष्ट कराई गई. टर्टोकोइज हॉस्पिटैलिटी में कीटग्रस्त मूंग दाल और राजमा नष्ट कराया गया. होटल रेडिसन में करीब 50 किलो सड़े आलू मिले, जबकि होटल पलाश में सड़े मशरूम और सब्जियां मिलीं. होटल आदित्य ग्रैंड में एक्सपायरी ब्रेड मिला.



### साक्षी ढाबा से लिए नमूने

साक्षी ढाबा और महादेव भोजनालय का सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के आधार पर निरीक्षण किया गया. कुछ प्रतिष्ठानों में व्यवस्थाएं संतोषजनक भी पाई गईं. लिए गए नमूने प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं. रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे कार्रवाई होगी.

### 30 लाख से बनेंगी सीमेंट-कांक्रीट सड़कें

**भोपाल.** वार्ड क्रमांक 50 की गुलमोहर कॉलोनी में जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए 30 लाख रुपये की लागत से सीमेंट-कांक्रीट सड़कों का निर्माण किया जाएगा. रविवार को महापौर मालती राय ने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम नागरिकों की जरूरतों के अनुसार प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा है. नई सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी और आवागमन बेहतर होगा. भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बाबीसा, पूर्व पार्षद संतोष हिरवे, राजकुमार विश्वकर्मा, अजय श्रीवास्तव नीलू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.

अनदेखी ▶ स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का खुलासा होने के बाद पिपलानी पुलिस पर उठ रहे सवाल

# करीब 500 स्पा, निगरानी के नाम पर खानापूर्ति

विशेष प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 सितंबर. शहर में करीब 500 स्पा सेंटर संचालित होने का अनुमान है. इनमें से अधिकांश सेंटर मसाज और वेलनेस सेवाओं के नाम पर चल रहे हैं, लेकिन इनकी नियमित निगरानी को लेकर पुलिस और संबंधित विभागों के पास कोई अलग व्यवस्था नजर नहीं आती.**

हाल ही में पिपलानी क्षेत्र के स्पा सेंटर में अनैतिक देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद शहर के दूसरे स्पा सेंटरों की गतिविधियां भी सवालों के घेरे में हैं. पुलिस ने कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. अब सवाल यह है कि शहर में संचालित सैकड़ों स्पा सेंटरों में कितने नियमों के तहत चल रहे हैं और कितनों की नियमित जांच होती है. स्पा सेंटरों पर पुलिस की कार्रवाई आमतौर पर शिकायत, मुखबिर की सूचना या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने के बाद होती है.

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि किसी सेंटर के खिलाफ शिकायत नहीं आती तो वहां की गतिविधियों की जांच कितनी नियमित होती है. खासकर उन सेंटरों की निगरानी जरूरी है, जहां देर रात तक गतिविधियां चलती हैं और अलग-अलग कमरों में ग्राहकों को सेवाएं दी जाती हैं. पुलिस कमिश्नर संजय कुमार 15 जुलाई को ही अपने आदेश में सभी थाना को इनकी जांच के आदेश दिया था. बावजूद जांच नहीं की गई.

### अलग-अलग इलाकों में तेजी से बढ़े सेंटर

शहर के एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी, इंद्रपुरी, होशंगाबाद रोड, शाहपुरा, कोलार, बागसेवनिया, गोविंदपुरा और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं. कई सेंटर बाजारों और व्यावसायिक परिसरों में खुले हैं. इनके संचालन के लिए अलग-अलग विभागों के नियम लागू होते हैं, लेकिन अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए नियमित संयुक्त जांच नहीं होती. पिपलानी पुलिस के मुताबिक देहव्यापार मामले में मुख्य आरोपियों में भुवन सिंह चंदेल. दीपक ठाकुर, पंकज त्रिपाठी, देवीसिंह हैं. पुलिस ने देवीसिंह रजक को अभिरक्षा में लिया है. चारों मुख्य आरोपियों के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.